30/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (APPSCCE) की मेन्स रिटेन एग्जाम की तारीख अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (APPSC) द्वारा इस महीने की 27 तारीख को घोषित कर दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में प्रीलिम्स परीक्षा को पास करने वाले सभी एक हजार छः सौ अट्ठावन सिविल सेवा उम्मीदवार अगले साल 6, 7, 9 और 10 अप्रैल को मेन्स एग्जाम में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में सभी योग्य उम्मीदवारों को बधाई दी है और कहा है कि 4 साल के अंतराल के बाद APPSCCE मेन्स रिटेन एग्जाम आयोजित होने जा रही है, यह सभी उम्मीदवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पल है। उन्होंने उम्मीदवारों से आगामी मुख्य परीक्षा में ध्यान केंद्रित करने, समर्पित रहने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आग्रह किया। श्री मेन ने कहा कि, प्रतिष्ठित राज्य सिविल सेवा परीक्षा को पास करने और राज्य के लोगों की सेवा करने के अपने सपनों को साकार करने का एक सुनहरा मौका है। APPSCCE 140 रिक्ति पदों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

0000000000000000000000

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में 'वाइब्रेंट विलेज' परियोजनाओं पर 2024 की अपनी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला है। इसके तहत, कार्यक्रम का ध्यान पूर्वोत्तर सीमा पर, विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में गांवों और कस्बों की पहचान और विकास पर केंद्रित है,

ताकि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ ही लोगों के जीवन में गुणवत्ता लायी जा सके। कार्यक्रम के तहत प्रमुख क्षेत्रों में आर्थिक विकास, सड़क संपर्क, नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार सेवाएं, पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली, पर्यटन को बढ़ावा देना, वित्तीय समावेशन, कौशल संवर्धन और सहकारी समितियों का गठन शामिल हैं। इस महीने की 15 तारीख तक, वर्ष 2024 में 1.5 करोड़ रुपये से अधिक की कुल छियासी परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। जिसमें रोड इनफ़्रासक्ट्राचर (NESIDS-OTRI), नॉर्थ ईस्ट स्पेशल इनप्रासक्ट्राचर स्कीम - रोड (NESIDS-Roads), Prime Minister's Development Initiative for North East Region (PM-DevINE), नॉर्थ ईस्ट काउंसिल (NEC) योजना और स्पेशल डेब्लॉप्मेंट पैकेज्स के अंतर्गत 1900 करोड़ रुपये मंजूर किए गए और 1500 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए गए।

000000000000000000000

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। आज उन्होंने वलसाढ जिले के धर्मपुर में श्रीमद् राजचंद्र मिशन के वार्षिक समारोह के समापन अनुष्ठान महामस्तकाभिषेक में भाग लिया। श्री शाह आज दोपहर अहमदाबाद से धर्मपुर पहुंचे और इस धार्मिक समारोह में भाग लिया। समारोह में गुजरात के वित्त और ऊर्जा मंत्री कनु भाई देसाई और गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी भी उपस्थित थे।

000000000000000000000

केन्द्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्यमंत्री निर्मला सीतारामन ने आगामी आम बजट-2025-26 के मद्देनजर आज नई दिल्ली में पांचवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की।

इस बैठक में वित्त, निवेश और सार्वजनिक परिसम्पत्ति प्रबंधन, आर्थिक कार्य सहित कई विभागों के सचिव, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केन्द्रीय बजट पहली फरवरी 2025 को संसद में पेश किये जाने की आशा है।

0000000000000000000000

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी एक व्यापक डेटासेट के अनुसार, 2024 के लोकसभा चुनावों में पुडुचेरी में महिला मतदाताओं का प्रतिशत देश में सबसे अधिक 53 प्रतिशत दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय रूप से, माहे विधानसभा क्षेत्र ने सभी 31 मतदान केंद्रों पर प्रशिक्षित महिला अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से तैनाती ने इतिहास रचा हैं। केंद्र शासित प्रदेश में लिंग अनुपात में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 2023 में 1127 से बढ़कर 2024 में 1130 हो गया। इसके अलावा, पंजीकृत मतदाताओं, मतदान केंद्रों, डाक मतपत्रों और नामांकन में 5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इस बीच, 151 पंजीकृत ट्रांसजेंडर मतदाताओं में से लगभग 70 प्रतिशत ने अपने वोट डाले और NOTA वोट 2019 में 12,000 से घटकर 2024 में 9000 से अधिक हो गए।

0000000000000000000000

अखिल भारतीय आयुविज्ञान संस्थान - एम्स अपने ट्रॉमा सेंटर परिसर में गहन चिकित्सा केन्द्र- क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्थापित करेगा। आज नई दिल्ली में एम्स के निदेशक एम श्रीनिवास ने संवाददाताअें को बताया कि 200 बिस्तरों वाला यह केन्द्र गंभीर स्थिति वाले उन रोगियों का उपचार करेगा जिन्हे तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र के लिए बजट आवटिंत कर दिया गया है और अगले दो साल में यह काम करना शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक खुल जाने से आपातकालीन विभाग का बोझ कम होगा जहां 700 से 800 रोगी प्रतिदिन पहुंचते हैं।

0000000000000000000000

**राष्ट्रीय कैडेट कौर-**एन.सी.सी. गणतंत्र दिवस शिविर-2025 आज नई दिल्ली के करिअप्पा परेड ग्राउंड में सर्व धर्म पूजा के साथ शुरू हुआ। एक महीने तक चलने वाले शिविर में सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के कुल दो हजार 361 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। 917 बालिका कैडेटों के साथ, इस वर्ष के शिविर में सबसे अधिक बालिका कैडेट भाग लेंगी। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से 114 कैडेट और उत्तर पूर्व क्षेत्र से 178 कैडेट हैं। शिविर में मित्र देशों के 14 कैडेट और अधिकारी भाग ले रहे हैं।

0000000000000000000000

तेलंगाना विधानसभा ने आज पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक विशेष सत्र में आज विधायकों ने केन्द्र को डॉ. मनमोहन सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने का आग्रह किया।

उन्होंने अलग तेलंगाना राज्य के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए हैदराबाद में डॉ. मनमोहन सिंह की प्रतिमा स्थापित करने का एकजुट संकल्प भी लिया। विधायकों ने इसके लिए सरकार के प्रस्ताव को समर्थन दिया। संवेदना प्रस्ताव को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने डॉ. मनमोहन सिंह को एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री और नेता के रूप में याद किया। उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्विकरण के जरिये भारत की अर्थव्यवस्था को परिवर्तित करने में पूर्व प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया।

0000000000000000000000